भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या - 3411**
दिनांक 08.08.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

**भारतीय प्रवासी कामगारों के लिए डेटाबेस**

3411. **श्री रमासहायम रघुराम रेड्डीः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास विदेशों में भारतीय प्रवासी कामगारों के लिए एक निर्दिष्ट और समय-समय पर अद्यतन किया जाने वाला राज्य-वार डेटाबेस है;

(ख) यदि हों, तो तेलंगाना के लिए लिंग-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या तेलंगाना के प्रवासी कामगारों के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए सरकार द्वारा कोई कदम उठाए गए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन प्रवासी कामगारों के लिए उपलब्ध शिकायत निवारण तंत्र और उसके संचालन तंत्र का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**विदेश राज्य मंत्री**
**[श्री कीर्तवर्धन सिंह]**

**(क)** और **(ख)** मंत्रालय ई-माइग्रेट पोर्टल के माध्यम से उन भारतीय कामगारों के आंकड़े रखता है**,** जिनके पास उत्प्रवास जाँच अपेक्षित **(**ईसीआर**)** पासपोर्ट हैं और जो **18** अधिसूचित ईसीआर श्रेणी के देशों में से किसी में भी रोज़गार के लिए जा रहे हैं। पिछले पाँच वर्षों **(**जनवरी **2020** से जून **2025)** में दी गई उत्प्रवास मंज़ूरियों **(**ईसी**)** की संख्या का राज्यवार आंकड़ा अनुबंध**-I** में दिया गया है। तेलंगाना राज्य के संबंध में जारी की गई उत्प्रवास मंज़ूरियों के लिंग**-**वार आंकड़े अनुबंध**-II** में दिया गया है।

**(ग)** और **(घ)** भारत सरकार विदेशों में भारतीय कामगारों**,** जिनमें तेलंगाना के कामगार भी शामिल हैं**,** की सुरक्षा**,** संरक्षण और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। किसी भी सहायता की आवश्यकता होने पर उन्हें दूतावास**/**कोंसलावास तक पहुँचने में सक्षम बनाने के लिए स्थापित चैनल मौजूद हैं। वे प्रत्यक्ष रूप से**,** ईमेल**,** बहुभाषी **24x7** आपातकालीन नंबरों**,** व्हाट्सएप नंबर**,** मदद**/**सीपीजीआरएएमएस**/**ईमाइग्रेट जैसे शिकायत निवारण पोर्टल और सोशल मीडिया आदि के माध्यम से दूतावास**/**कोंसलावास से संपर्क कर सकते हैं। ऐसे मामलों के निपटान के लिए समर्पित श्रम शाखाएँ हैं। भारतीय कामगारों को मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान करने के लिए नई

दिल्ली, दुबई, रियाद, जेद्दा और कुआलालंपुर जैसे प्रमुख स्थानों पर प्रवासी भारतीय सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं।

भारतीय नागरिकों, जिनमें श्रमिक भी शामिल हैं, से कोई भी शिकायत प्राप्त होने पर, दूतावास/कोंसलावास सक्रिय रूप से संबंधित विदेशी नियोक्ता (एफई) के समक्ष इसे उठाता है और यदि आवश्यक हो, तो पीड़ित श्रमिक के कार्यस्थल का भी दौरा किया जाता है। इन मुद्दों को स्थानीय श्रम विभाग और मेजबान देश के अन्य संबंधित अधिकारियों के समक्ष भी निवारण हेतु उठाया जाता है।

भारतीय मिशन/केंद्र दूरदराज के इलाकों में रहने वाले भारतीय कामगारों से प्रतिक्रिया प्राप्त करने और उनकी शिकायतों, यदि कोई हो, का समाधान करने के लिए नियमित रूप से ओपन हाउस और कोंसली कैंप आयोजित करते हैं। प्रवासी की ओर से या उनसे कोई शिकायत प्राप्त होने पर, संबंधित विदेशी नियोक्ता (एफई) के साथ मामले को सक्रिय रूप से उठाया जाता है और आवश्यकता पड़ने पर पीड़ित कर्मचारी के कार्यस्थल का भी दौरा किया जाता है। रोजगार संबंधी समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए मेजबान देश के स्थानीय श्रम विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों के समक्ष भी इसे उठाया जाता है।

इसके अलावा, घरेलू क्षेत्र की महिला कामगारों की सुरक्षा और संरक्षा हेतु अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के रूप में, सरकार ने केवल सरकार द्वारा संचालित भर्ती एजेंसियों (आरए) को ई-माइग्रेट पोर्टल के माध्यम से खाड़ी और अन्य अधिसूचित ईसीआर देशों में विदेशी रोज़गार के लिए ईसीआर श्रेणी की पासपोर्ट धारक भारतीय महिला कामगारों की भर्ती के लिए अधिकृत किया है। इसके अलावा, शोषण से सुरक्षा के लिए विदेशी रोज़गार हेतु ईसीआर श्रेणी के पासपोर्ट धारक महिला कामगारों के लिए न्यूनतम आयु सीमा **30** वर्ष निर्धारित की गई है।

दूतावास/कोंसलावास समय-समय पर संकटग्रस्त भारतीय नागरिकों को योग्य मामलों में वित्तीय और विधिक सहायता प्रदान करने के लिए भारतीय समुदाय कल्याण कोष (आईसीडब्ल्यूएफ) का भी उपयोग करता है। आईसीडब्ल्यूएफ के तहत, मुख्य सहायता में भोजन एवं आवास, भारत के लिए हवाई यात्रा, विधिक सहायता, आपातकालीन चिकित्सा देखभाल, पार्थिव शरीर को भारत लाना, और छोटे-मोटे जुर्माने और दंड का भुगतान शामिल है।

| पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रदान की गई ईसी की कुल संख्या (01/01/2020 से 30/06/3035 तक) - राज्यवार | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **राज्य** | **2020** | **2021** | **2022** | **2023** | **2024** | **2025** | **कुल** |
| अंडमान एवं निकोबार | 2 | | 11 | 5 | 25 | 1 | 44 |
| आंध्र प्रदेश | 3,882 | 5,482 | 19,347 | 16,387 | 16,615 | 9,604 | 71,317 |
| अरुणाचल प्रदेश | | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 | 19 |
| असम | 566 | 395 | 3,594 | 3,451 | 3,095 | 1,814 | 12,915 |
| बिहार | 13,911 | 24,527 | 60,945 | 67,548 | 72,523 | 44,750 | 284,204 |
| चंडीगढ़ | 30 | 45 | 346 | 252 | 197 | 83 | 953 |
| छत्तीसगढ | 33 | 24 | 126 | 113 | 140 | 71 | 507 |
| दादरा एवं नागर हवेली | 2 | | 3 | 7 | 2 | 1 | 15 |
| दमन और दीव | 11 | 9 | 16 | 31 | 19 | 20 | 106 |
| दिल्ली | 388 | 508 | 1,569 | 1,575 | 1,505 | 945 | 6,490 |
| गोवा | 105 | 262 | 622 | 420 | 374 | 218 | 2,001 |
| गुजरात | 1,494 | 1,583 | 3,438 | 3,825 | 4,212 | 2,414 | 16,966 |
| हरियाणा | 314 | 459 | 1,232 | 1,326 | 1,354 | 904 | 5,589 |
| हिमाचल प्रदेश | 115 | 145 | 414 | 437 | 389 | 200 | 1,700 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 1,095 | 992 | 4,868 | 5,264 | 4,322 | 2,411 | 18,952 |
| झारखंड | 831 | 1,481 | 4,322 | 4,326 | 4,760 | 2,824 | 18,544 |
| कर्नाटक | 1,476 | 2,143 | 5,700 | 6,209 | 5,811 | 3,361 | 24,700 |
| केरल | 8,487 | 10,560 | 16,253 | 18,469 | 16,653 | 7,300 | 77,722 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लद्दाख | | | | 1 | 3 | 2 | 6 |
| लक्षद्वीप | | | 2 | 3 | 1 | 4 | 10 |
| मध्य प्रदेश | 220 | 232 | 1,367 | 1,335 | 1,136 | 658 | 4,948 |
| महाराष्ट्र | 2,592 | 2,828 | 6,846 | 7,559 | 6,365 | 3,590 | 29,780 |
| मणिपुर | 4 | 9 | 13 | 24 | 63 | 29 | 142 |
| मेघालय | 3 | 3 | 11 | 11 | 7 | 5 | 40 |
| मिजोरम | | | | 2 | 1 | | 3 |
| नागालैंड | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 | 2 | 17 |
| ओडिशा | 2,199 | 4,179 | 6,726 | 6,691 | 5,952 | 2,543 | 28,290 |
| पुदुचेरी | 75 | 123 | 318 | 386 | 326 | 140 | 1,368 |
| पंजाब | 3,317 | 5,983 | 10,654 | 11,505 | 12,575 | 8,609 | 52,643 |
| राजस्थान | 6,126 | 11,345 | 28,819 | 24,441 | 26,050 | 15,003 | 111,784 |
| सिक्किम | 1 | | 4 | 5 | 5 | 6 | 21 |
| तमिलनाडु | 6,476 | 8,830 | 23,556 | 27,010 | 21,219 | 9,528 | 96,619 |
| तेलंगाना | 2,984 | 4,375 | 11,990 | 10,372 | 9,850 | 5,642 | 45,213 |
| त्रिपुरा | 248 | 145 | 1,197 | 1,401 | 1,139 | 693 | 4,823 |
| उत्तर प्रदेश | 28,911 | 35,222 | 123,697 | 142,547 | 138,266 | 81,030 | 549,673 |
| उत्तराखंड | 821 | 864 | 3,627 | 3,744 | 3,239 | 1,566 | 13,861 |
| पश्चिम बंगाल | 7,425 | 9,917 | 31,788 | 31,628 | 28,863 | 15,358 | 124,979 |
| **कुल** | **94,145** | **1,32,675** | **3,73,426** | **3,98,317** | **3,87,067** | **2,21,334** | **16,06,964** |

अनुबंध- **II**

| **01/01/2020 से 30/06/2025 की अवधि के लिए तेलंगाना के लिए दी गई लिंग-वार कुल ईसी की संख्या** | | |
|---|---|---|
| वर्ष | लिंग | ईसी गणना |
| 2020 | महिला | 71 |
| | पुरुष | 2913 |
| 2021 | महिला | 120 |
| | पुरुष | 4255 |
| 2022 | महिला | 200 |
| | पुरुष | 11790 |
| 2023 | महिला | 221 |
| | पुरुष | 10151 |
| 2024 | महिला | 187 |
| | पुरुष | 9663 |
| 2025 | महिला | 76 |
| | पुरुष | 5566 |
| | **कुल** | **45213** |

*****